प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 03.09.2025

मुख्य समाचारः—

- सुकमा जिले में आज नौ महिला सहित बीस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण—इन पर कुल तैंतीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

- बलरामपुर जिले में बांध टूटने से तीन लोगों की मृत्यु—दो लोग लापता।

- जशपुर जिले के जुरूडांड गांव में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान हुए हादसे में तीन लोगों की मौत—अट्टाईस लोग घायल।

- ईडी की टीम ने रायपुर सहित प्रदेश के चार शहरों में कृषि कारोबारियों के यहां मारा छापा।

माओवादी आत्मसमर्पण

सुकमा जिले में आज नौ महिला सहित बीस माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों पर कुल तैंतीस लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन माओवादियों ने सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल—सीआरपीएफ के उप पुलिस महानिरीक्षक राजेश कुमार पांडेय और जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों पर कई वारदातों में शामिल रहने का आरोप है।

बलरामपुर—हादसा

बलरामपुर जिले के धनेशपुर गांव स्थित लुत्ती—सढ़सा क्षेत्र में मिट्टी से बना बांध टूट जाने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। वहीं, तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। जबकि, दो लोग लापता बताए जाते हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण लुत्ती—सढ़सा स्थित इस बांध का एक हिस्सा टूटकर बह गया। बीती रात जब यह बांध टूटा, तो सबसे पहले पानी का सैलाब निचले इलाके में बसे गांव तक पहुंचा और दो मकान इसकी चपेट में आ गए। इससे मकान में रह रहे दो परिवारों के आठ लोग बह गए। इनमें से तीन लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। जबकि, दो अन्य लोगों की तलाश जारी है। घटना की सूचना मिलते ही बलरामपुर जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे। इलाके में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। जिला कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि इलाके का सर्वे कर नुकसान का आंकलन किया जाएगा।

मौसम

इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी इलाके में भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, प्रदेश में एक—दो स्थानों पर गरज—चमक के साथ मूसलाधार बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।
मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर—पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर तटीय ओडिशा के पास एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। यह चक्रवात ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेगा। इसके असर से कल राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज—चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

जशपुर—दुर्घटना

जशपुर जिले के जुरूडांड गांव में गणेश विसर्जन के लिए निकले जुलूस में अचानक तेज रफ्तार चारपहिया वाहन के घुस जाने से तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि, अट्ठाईस अन्य लोग घायल हो गए। हमारे जशपुर संवाददाता ने इस घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को पांच—पांच लाख रुपए और घायलों के लिए पचास—पचास हजार रूपए की सहायता राशि मंजूर की गई है।

केंद्रीय राज्यमंत्री—बैठक/प्रेसवार्ता

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने आज रायपुर में राज्य सरकार के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की।

बाद में पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने राज्य शासन के अधिकारियों से हाल के वर्षों में छत्तीसगढ़ में दर्ज उत्पीड़न के मामलों के बारे में जानकारी ली है।

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री अठावले रायपुर से रायगढ़ के लिए रवाना हुए, जहां वे आज शाम चक्रधर समारोह में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री—भवन शिलान्यास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर के सेक्टर—चौबीस में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज के संयुक्त मुख्यालय भवन का शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यह भवन हरित ऊर्जा से युक्त होगा और इसके बनने से पावर कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं को सुविधा होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मौलश्री का पौधा लगाया।

बस्तर अस्पताल—एमओयू

बस्तर में दो सौ करोड़ रूपये की लागत से दो सौ चालीस बिस्तरों वाला हाई—टेक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू होगा। इसके लिए आज मंत्रालय में
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉन्टिनेंटल हॉस्पिटल तेलंगाना के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। यह अनुबंध प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत हुआ है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल बस्तर क्षेत्र के लोगों के साथ ही विशेषकर नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों के लिए जीवनरक्षक साबित होगा। उन्होंने कहा कि पहले घायल जवानों को एयर एंबुलेंस से रायपुर भेजना पड़ता था, अब जगदलपुर में ही उन्हें अत्याधुनिक इलाज मिल सकेगा।

ईडी—छापा

प्रवर्तन निदेशालय—ईडी की टीम ने आज रायपुर, भिलाई, राजिम और बिलासपुर में कृषि कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। आरोप है कि ये कारोबारी कृषि आमदनी की आड़ में मनी लॉन्ड्रिंग का काम करते हैं। ईडी की अलग—अलग टीमों ने छापा मारकर कारोबारियों के यहां दस्तावेजों की जांच—पड़ताल की है।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर देशभर से चुनिंदा शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। इन शिक्षकों में छत्तीसगढ़ की डॉक्टर प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं।

दुर्ग जिले में हनोदा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने बताया कि यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कई वर्षों की मेहनत का परिणाम है।

फुटबॉल

नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम में आयोजित राष्ट्रीय सब जूनियर गर्ल्स फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब उत्तरप्रदेश की टीम ने जीत लिया है। समापन अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

फाइनल मुकाबले में उत्तरप्रदेश की टीम ने केरल को एक के मुकाबले दो गोल से पराजित किया। उत्तरप्रदेश टीम की कप्तान जिया राव ने जीत पर खुशी जताई।

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित यह स्पर्धा बीते सोलह अगस्त से शुरू हुई थी। इस प्रतियोगिता में देश की कुल चौदह टीमों ने भाग लिया।

संक्षिप्त समाचार

- इथोपिया में भारत के राजदूत अनिल राय ने अफ्रीका के विभिन्न देशों में व्यापारिक अवसरों, निवेश की संभावनाओं और साझेदारी के मॉडलों की जानकारी देने के लिए छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों के साथ आज बिलासपुर में बैठक की।

- छत्तीसगढ़ में प्रमाणित बीज उत्पादक किसान से संबंधित पंजीयन की तिथि
- राज्य बीज और कृषि विकास निगम ने बढ़ाकर पंद्रह सितंबर कर दी है।

- श्रीरामलला अयोध्याधाम दर्शन योजना के तहत आज राजनांदगांव और दुर्ग जिले से आठ सौ पचास तीर्थ यात्रियों का दल रवाना हुआ। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने खैरागढ़ में एक पटवारी को किसान से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

- बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कोंडागांव में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस खेल महोत्सव के लिए बीस सितंबर तक पंजीयन होगा। इसके बाद तीन चरणों में इसका आयोजन किया जाएगा।